R.N.I. Rg. No. : 35394/77 E-mail : dvp.jhs@gmail.com / vishwapariwar@rediffmail.com Web. : www.dainikvishwapariwar.com

# दैनिक विश्व परिवार

झांसी (उ.प्र.) एवं रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित

● अंक : 181 ● वर्ष : 49 ● झाँसी : मंगलवार 7 मई, 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 4 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**

सबसे बड़ा दीन-दुर्बल वह है, जिसका अपने क्रोध पर नियंत्रण नहीं है।



आर्यिका श्री 105
पूर्णमति माता जी

# विश्व परिवार में शोक का अंधकार, सम्पादक श्री प्रवीण जैन दिवंगत

## पंचतत्व में हुये विलीन, देश भर से श्रद्धांजलियों का तांता

## तीन दशक से प्रकाशमान हो रहे रचनात्मक पत्रकारिता व जनसेवा का सूर्य हमेशा के लिये हुआ अस्त

## सांसद ने निज निवास पर तो पूर्व केन्द्रीय मंत्री, पूर्व मंत्री व विधायक सहित तमाम समाजसेवियों ने मुक्तिधाम पर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

## पूरे बुन्देलखण्ड का जैन समाज शोक में डूबा

## अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसमूह, हजारों नम आंखों ने दी अंतिम विदाई













**झांसी ( विश्व परिवार )।** यह पंक्तियां लिखने के लिये भारी मन तथा नम आंखों से कलम उठानी पड़ रही है कि दैनिक विश्व परिवार झांसी के यशस्वी संपादक, देश के विभिन्न अंचलों में समाजसेवा में अलग ख्याति अर्जित करने वाले प्रवीण कुमार जैन ने कल रात्रि यकायक विदाई लेकर संपूर्ण विश्व परिवार एवं उनसे जुड़े देश भर के लाखों शुभचिंतकों को शोक के सागर में डुबो दिया। संपादक श्री प्रवीण कुमार जैन के कल रात्रि में हुए देहावसान से संपूर्ण विश्व परिवार अंधकार में छा गया है। श्री जैन के निधन का समाचार सुनते ही देश के विभिन्न अंचलों से उनके द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों, समाज एवं पत्रकारिता की सेवा को याद करते हुए श्रृद्धाजंलियों का तांता लग गया।

उल्लेखनीय है कि कल रात्रि 9 बजे अचानक उन्हें हृदय में दर्द के साथ सांस लेने में परेशानी आई। बुंदेलखंड अस्पताल में उन्हें तत्काल उच्च चिकित्सा से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई, लेकिन विधि के विधान के आगे संपूर्ण प्रयासों के बावजूद संपादक को नहीं बचाया जा सका। गत माह ही एक सड़क दुर्घटना में वह घायल हो गए थे एवं स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे थे कि अचानक कल रात्रि में यह सब घटित हो गया। कल का दिन उन्होंने श्री दिगंबर जैन मंदिर खरगोन जी में पूजन अभिषेक देखकर एवं समाज के इष्ट मित्रों के साथ समाजसेवी कार्यों के संचालन संपादन एवं विस्तार में लगाया। श्री दिगंबर जैन महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र जैन जी दिल्ली से झांसी पधारे थे। उनका श्री प्रवीण जैन ने अपने निवास स्थान पर हार्दिक स्वागत व अभिनंदन किया एवं देशव्यापी समाजसेवी गतिविधियों की रूपरेखा एवं संचालन पर लंबा विचार विमर्श कर आगे की योजनाओं को संचालित करने का मार्ग तय किया था।

श्री प्रवीण जी श्री गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकारिता उन्नयन समिति पत्रकार भवन के अध्यक्ष के साथ-साथ उत्तरांचल तीर्थ क्षेत्र कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष के साथ-साथ विभिन्न राष्ट्रीय राज्य स्तरीय संस्थाओं के पदाधिकारी के रूप में विगत 35 वर्षों से अपनी सेवाएं निरंतर समर्पित करते चले आ रहे थे। उन्होंने अपना जीवन अपने आपमें एक संस्था के रूप में रखा एवं जनकल्याणकारी कार्यों के लिए, समाज, धर्म की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहे। जैन मुनि संघों की सेवा, आहार व्यवस्था, विहार व्यवस्था में वह सदैव अग्रणी रहते थे। उन्हें सभी मुनिजनों, माताजियों का आशीर्वाद प्राप्त होता था। श्री प्रवीण जैन छात्र जीवन से ही नेतृत्व की क्षमता रखते थे। उन्होंने समाज और समाज के बड़े-बड़े उपक्रमों को बुंदेलखंड में संचालित कराया। विभिन्न समाज सेवी संगठनों, संस्थाओं के माध्यम से समाज सेवी कार्य कर धर्म एवं समाज की सेवा की। श्री प्रवीण जैन दैनिक विश्व परिवार के संस्थापक स्वनामधन्य, कीर्ति शेष श्री कैलाश चंद्र जी जैन के द्वितीय सुपुत्र थे। उनके बड़े भ्राता श्री प्रदीप जैन संपादक दैनिक विश्व परिवार रायपुर, सदस्य प्रेस काउंसिल आफ इंडिया रहे। साथ ही उनके अनुज चिरंजीवी आलोक जैन दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर रहकर धर्म, समाज की सेवा, पत्रकारिता क्षेत्र की सेवा में समर्पित रहे। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती राखी जैन भूगोल में डॉक्टरेट हैं। उनका बेटा चिरंजीव डॉक्टर यश दिल्ली में ऑर्थोपेडिक सर्जन है, जबकि छोटे पुत्र चिरंजीव अतिशय आईटी कंपनी में कार्यरत हैं। पुत्री स्तुति जैन उच्च शिक्षा दिल्ली में प्राप्त कर रही हैं।

लगभग तीन दशक से भी अधिक समय से पत्रकारिता एवं समाज सेवा के क्षेत्र में नित नये कीर्तिमान स्थापित कर रहे दैनिक विश्व परिवार के संपादक, वरिष्ठ पत्रकार और समाजसेवा में उत्कृष्ट छाप छोड़ने वाले दैनिक विश्व परिवार के सम्पादक, उत्तरांचल जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के महामंत्री श्री प्रवीण कुमार जैन का पार्थिव शरीर आज पंचतत्व में विलीन हो गया। उनके असामायिक निधन पर समाजसेवियों, व्यापारियों के अलावा पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में जन समूह शामिल हुआ। वहीं, उनके निधन की खबर मिलते ही सांसद अनुराग शर्मा ने उनके निज निवास पर तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, पूर्व विधायक रविन्द्र शुक्ल व सदर विधायक रवि शर्मा ने मुक्तिधाम पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम यात्रा में पूरे बुन्देलखण्ड का जैन समाज तथा जिले भर के पत्रकार शामिल हुये।

इस दौरान आयोजित शोकसभा में उनके द्वारा पत्रकारिता, समाज हित में किए गए सराहनीय कार्यों को याद कर उन्हे अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। श्री गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार उन्नयन समिति के अध्यक्ष, दैनिक विश्व परिवार के प्रधान संपादक एवं पूर्व चेयरमैन नगर पालिका कीर्तिशेष स्व. श्री कैलाश चंद्र जैन के पुत्र, प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य श्री प्रदीप कुमार जैन के अनुज तथा श्री आलोक जैन के बड़े भाई, समाजसेवी, दिगंबर जैन समाज के पूर्व महामंत्री, पत्रकार भवन के कार्याध्यक्ष तथा उत्तरांचल जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के महामंत्री श्री प्रवीण कुमार जैन का गत रात्रि आकस्मिक निधन हो गया था। इस खबर से समूचे पत्रकार जगत, समाज सेवी जगत और जैन समाज स्तब्ध रह गया। शोक की लहर के बीच आज सुबह से ही उनके निज निवास चन्द्रशेखर आजाद पर लोगों का तांता लगना शुरू हो गया। अंतिम यात्रा सोमवार की सुबह निज निवास चंद्रशेखर आजाद से उन्नाव गेट बाहर स्थित मुक्ति धाम के लिए रवाना हुयी, जहां उनका पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया। मुखाग्नि उनके बड़े सुपुत्र डॉक्टर यश जैन ने दी।



मुक्तिधाम पर आयोजित शोक सभा में उनकी सेवाओं को याद किया गया और अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई।

इस दौरान दैनिक जागरण के संपादक सुरेंद्र सिंह, वरिष्ठ पत्रकार शैलेन्द्र जैन, शीतल तिवारी, दीपक चंदेल, मुकेश वर्मा, अनंजय नेपाली, मोहन नेपाली, दीपक बट्टा, हरिकृष्ण चतुर्वेदी, विपिन साहू, विशाल त्रिपाठी, मोहम्मद फारुख, भाजपा नेता कमल सहगल, रविंद्र सिंह गौर, रिपुसूदन नामदेव, बालेंद्र गुप्ता, प्रभात साहनी, कुंदन सोलंकी, ज्ञानेश्वर कुशवाहा, आशीष द्विवेदी, धर्मेंद्र साहू, पवन झा, रानू, अख्तर खान, तारिक इकबाल शिबू, सूरज यादव, पंकज सक्सेना, साजिया खान, शशांक त्रिपाठी, देवेंद्र शुक्ला, व्यापारी नेता हैप्पी चावला, गुरजीत सिंह चावला, विवेक जैन, याकूब अहमद मंसूरी, मुकेश अग्रवाल, अशोक कनोजिया, पिंकी जैन, रामकिशन अकेला, इम्तियाज हुसैन, शैलेंद्र सिंह गौर, निलय जैन, कमल जैन, अनिल बट्टा, वैभव बट्टा, अरविंद वशिष्ठ, गौरव जैन, राकेश पाल, राहुल जैन, सुधांशु त्रिपाठी, दिलीप आदि पत्रकार, समाजसेवी तथा व्यापारी मौजूद रहे। झांसी सहित बुंदेलखंड के विभिन्न शहरों से जैन समाज के पदाधिकारीगण परिवारजन सगे संबंधी इष्ट मित्र उपस्थित रहे। सभी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

- पं. कृष्णचन्द्र शर्मा कन्या इंटर कॉलेज में हुयी शोक सभा में प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार जैन के छोटे भाई व दैनिक विश्व परिवार के सम्पादक श्री प्रवीण कुमार जैन के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।
- राजर्षि पुरूषोत्तम दास टण्डन हायर सेकेण्डरी स्कूल की शोक सभा में प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री प्रवीण कुमार जैन के निधन पर शोक व्यक्त करते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।
- महाराजाधिराज झांसी राज्य श्रीमंत गंगाधर राव स्मृति समारोह समिति की अध्यक्ष पूर्व पार्षद अरूण द्विवेदी की अध्यक्षता में हुयी श्रद्धांजलि सभा में समिति के महामंत्री, बुन्देलखण्ड प्रेस वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष, श्री गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन के कार्याध्यक्ष, श्री दिगम्बर जैन पंचायत राष्ट्रीय महासमिति नई दिल्ली के तीर्थांचल कमेटी के राष्ट्रीय पदाधिकारी, दैनिक विश्व परिवार के सम्पादक, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कीर्तिशेष स्व. श्री कैलाशचन्द्र जैन के सुपुत्र तथा प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य श्री प्रदीप कुमार जैन के अनुज श्री प्रवीण कुमार जैन के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस दौरान श्री जैन के निधन को पत्रकारिता जगत के लिये अपूर्णनीय क्षति बताते हुये उनके द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में किये गये रचनात्मक कार्यों पर प्रकाश डाला गया। बैठक में ओमप्रकाश तिवारी, कमल जैन पत्रकार, भरत राय, कृष्ण मुरारी राय, बसंत विष्णु गोलवलकर, नेहरू तिवारी, राजू तिवारी, मोहन तिवारी, महेन्द्र रावत, हरीश तिवारी, महेन्द्र श्रीवास्तव, दिलीप दुबे, आदर्श द्विवेदी, अनुज द्विवेदी, अशोक तिवारी, योगेश तिवारी, संतोष पाठक, विनोद तिवारी, जगमोहन मिश्रा, लोकेश जैन, अशोक अग्रवाल, राजेन्द्र हयारण, रवि तिवारी, संजय दोसाज, विजय नारायण तिवारी, राजेश जैन, हरीप्रकाश शर्मा, श्रीमती वंदना पाठक, इंदु वर्मा आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की। संचालन लखनलाल पुरोहित ने किया। संयोजन अब्दुल रसीद ने किया।

# उत्तराखंड में जंगल की आग बेकाबू

**देहरादून ( एजेंसी )।** उत्तराखंड के जंगलों में बेकाबू हो रही आग पर काबू पाने के लिए सरकार ने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) को उतार दिया है। गढ़वाल मंडल के पौड़ी और कुमाऊं के अल्मोड़ा जिले में जंगल ज्यादा सुलग रहे हैं। उधर, सोमवार को प्रदेश में 20 जगह जंगल धधके। पौड़ी में सोमवार को आग बुझाने के लिए वायुसेना के हेलीकॉप्टर से पानी का छिड़काव किया गया।

वहीं, जंगलों की आग की राज्य में अब तक 930 घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे 1,196 हेक्टेयर से अधिक जंगल जल चुका है। सबसे अधिक 491 घटनाएं कुमाऊं और 365 घटनाएं गढ़वाल में हुईं, जबकि 74 मामले वन्य जीव क्षेत्र के हैं। बेकाबू हो चुकी आग से अब तक पांच लोगों की मौत और चार लोग झुलस चुके हैं। सरकार का दावा है कि वनाग्नि से अभी तक किसी वन्यजीव के मारे जाने की सूचना नहीं है। इस बीच सरकार जानबूझकर और लापरवाही से आग लगाने के मामले में बेहद सख्त हो गई है। बार-बार आग लगाने वालों पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई होगी। उत्तराखंड लोक व

**◆ 930 घटनाओं में पांच की मौत, मोर्चे पर एनडीआरएफ को भी उतारा**

निजी संपत्ति क्षति वसूली अधिनियम के तहत वन संपदा के नुकसान की भरपाई आग लगाने वालों से होगी।

वनाग्नि की स्थिति की समीक्षा बैठक के बाद मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा, वनाग्नि पर काबू पाने के लिए एक्शन प्लान बना लिया गया है। जंगल में आग बुझाने के काम में अब पीएसी, होमगार्ड, पीआरडी, युवक व महिला मंगल दल, सभी स्थानीय संगठनों और लोगों को लगाया जाएगा।

पौड़ी और अल्मोड़ा में एनडीआरएफ तैनात हो गई है। बताया, सरकार को आईआईटी रुड़की से कृत्रिम बारिश (क्लाउड सिडिंग) का प्रस्ताव मिला है। इस प्रस्ताव को लेकर सभी पहलुओं पर विचार के बाद निर्णय लिया जाएगा। मौसम विभाग से चर्चा की जाएगी कि इससे मौसम पर कोई प्रतिकूल असर तो नहीं पड़ेगा।

# प्रियंका ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश : बोलीं - अभी जिसे डर लगता है वो पीछे हट जाए...फिर हटने नहीं दूंगी

**रायबरेली ( एजेंसी )।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने रायबरेली पहुंचकर चुनाव प्रचार की कमान संभाल ली है। भुएमऊ गेस्ट हाउस में उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर निशाने साधे।

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा चुनाव की कमान संभालने के लिए रायबरेली पहुंच गई हैं। उन्होंने भुएमऊ गेस्ट हाउस में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश के हालात बहुत खराब हैं। मैं यहां आ गई हूं। चुनाव में 329 घंटे बाकी हैं। लगातार काम करना है। हर हाल में जीत दर्ज करनी है। मैं आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ूंगी। अभी जिसे डर लगता है वो पीछे हट जाए फिर नहीं हटने दूंगी। उन्होंने कहा कि रायबरेली वो किला है जिसे भाजपा ढहा नहीं पाई है। यहां पर हमारी जीत का संदेश दूर तक जाएगा। तैयार हो जाइए। चुनाव तक लगातार काम करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा लोगों के जज्बात उभारकर वोट की राजनीति कर रही है। युवा रोजगार की नौकरी की मांग करते हैं भाजपा पाकिस्तान की बात कर रही है। जनता महंगाई से




परेशान है लेकिन उस पर कुछ नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने इलेक्टोरल बांड लाकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है। जब सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर लिस्ट सामने आई तो पता चल गया। भाजपा इलेक्टोरल बांड के जरिए धन देने वालों के नाम गुप्त रखती है।

# फिर खराब श्रेणी में दिल्ली की आबोहवा, गुरुग्राम सबसे प्रदूषित

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सीपीसीबी के अनुसार एनसीआर में गुरुग्राम का सबसे अधिक वायु गुणवत्ता सूचकांक दर्ज किया। यहां एक्यूआई 248 रहा, यह खराब श्रेणी है। राजधानी में हवा की दिशा बदलने से आबोहवा खराब श्रेणी में बरकरार है। सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 247 रहा, जोकि खराब श्रेणी में है। सर्वाधिक इलाकों में एक्यूआई 200 के पार दर्ज किया। दिल्ली की हवा समग्र रूप से खराब श्रेणी में बनी रही। इससे पहले रविवार को एक्यूआई 291 रहा था। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार को हवा खराब श्रेणी में रह सकती है। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक सोमवार को औसतन छह से 16 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर से चली।

# शहीद एएसआई महेंद्र बागरी के परिजनों को एक करोड़ रुपये की मिलेगी सहायता राशि, सीएम मोहन ने किया एलान

**शहडोल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश में शहडोल जिले के ब्यौहारी में पदस्थ स्ढ्ढ महेंद्र बागरी की रेत माफिया ने बीते दिनों ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या कर दी थी। इसके बाद प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों के घर बुलडोजर चलवा दिया। परिजनों को एक करोड़ की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

शहडोल में ब्यौहारी थाना क्षेत्र के ग्राम नौढिया में रेत माफिया द्वारा सहायक उप निरीक्षक महेंद्र बागरी की नृशंस हत्या कर दिए जाने के मामले में प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मृतक के परिजनों को एक करोड़ रुपये की सहायता राशि दिए जाने का एलान सोमवार को किया है। इस प्रस्ताव को मंजूरी के लिए राज्य सरकार चुनाव आयोग को भेजेगी। वहां से मंजूरी प्राप्त होने के पश्चात एक करोड़ रुपये की सहायता राशि मृतक एएसआई के परिजनों को उपलब्ध कराई जाएगी।

बता दें कि रेत माफिया द्वारा एएसआई महेंद्र बागरी की हत्या किए जाने के मामले में सतना सांसद गणेश सिंह ने इस वारदात को अपराध बताते हुए कड़े शब्दों में निंदा की है। सांसद सिंह ने कहा कि एएसआई महेश बागरी एक जिम्मेदार व कर्तव्यनिष्ठ पुलिसकर्मी के रूप में प्राणों की जो आहुति दी है, उसे सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे शातिर अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए प्रदेश सरकार भी वचनबद्ध है। किसी भी सूरत में अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। सांसद ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखकर स्वर्गीय महेंद्र बागरी को शहीद का दर्जा दिए जाने का अनुरोध किया है। ब्यौहारी में हुई सहायक उप निरीक्षक महेंद्र बागरी हत्याकांड मामले में एडीजीपी स्पेशल योगेश कुमार मुदगल भोपाल से शहडोल पहुंचे हैं। उन्होंने सोमवार को घटना स्थल का गहनता पूर्वक मुआयना किया है। साथ ही उन्होंने मामले की जांच टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

बता दें कि इस मामले को डीजीपी भोपाल ने काफी गंभीरता के साथ लिया है। इसी परिप्रेक्ष्य में एडीजीपी योगेश कुमार मुदगल को तत्काल शहडोल भेजा गया है और 48 घंटे में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। बता दें कि टेक्निकल सर्विसेस में पदस्थ मुदगल शहडोल जोन के प्रभारी भी हैं। उन्होंने मृतक के साथ गए दो पुलिसकर्मियों से भी पूछताछ की है। इस दौरान मुदगल के साथ पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक भी साथ रहे।

# मतदान से पहले पुलिस-प्रशासन ने शिवपाल यादव को बदायूं से निकाला बाहर

**बदायूं ( एजेंसी )।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव करीब एक महीने से अपने भतीजे पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव की कोठी पर रह रहे थे। उनका बेटा आदित्य यादव सपा का उम्मीदवार है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव पर रविवार को बसपा सुप्रीमो मायावती को अपशब्द कहने और द्वेष फैलाने के आरोप में एफआईआर की गई थी। अब सोमवार को शाम उन्हें पुलिस-प्रशासन ने बाहरी व्यक्ति बताते हुए बदायूं जिले की सीमा से बाहर कर दिया। पुलिस टीम उन्हें कासगंज जिले की सीमा पर छोड़कर आई।

सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव करीब एक महीने से अपने भतीजे पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव की कोठी पर रह रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### शोक सभा

एरच । झाँसी राष्ट्रीय आंचलिक पत्रकार ऐसोसियेशन की एक शोक सभा हुई जिसमें झांसी क बरिष्ठ पत्रकार एंव दैनिक विश्व परिवार के सत्त्पादक प्रवीण कुमार जैन के अकास्मिक निधन पर गहरा शोक जताया गया शोक सभा मे दिवगंत आत्मा की शाति के लिए भगवान से प्रार्थना की गई शोक सभा में डात्त्टर सुकदेव त्यास , ओमकार सिंह, सत्यप्रकाश द्विबेदी,शिशुपाल सरस, अरूण चतुर्बेद्वी, रामकुमार गोस्वामी,कोमल सिंह परिहार, राजेन्द्र जैन ,शशीकांत तिवारी , सहित कई पत्रकार मोजूद रहो

### पत्नी की मारपीट करने पर पति को भेजा जेल

एरच। झाँसी पत्नी की मारपीट करने के मामले मे पुलिस ने एक युवक को कार्यवाही करते हुए उसे जेल भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी है ।थाना प्रभारी निरीक्षक अमीराम सिंह ने बताया कि सोमवार को खलार निवासी बबली ने पुलिस को बताया कि उसका पति आए दिन उसके साथ गाली गलौच एंव मारपीट कर हमेशा झगडा पर आमदा रहता है पुलिस ने उसके पति को समझााने का प्रयास किया लेकिन कोई सुधार न होने पर पुलिस ने रामराजा निवासी कल्याणपुरा टहरोली के बिरूद्ध कार्यवही करते हुए उसे जेल भेज दिया है ।

### जांच पडताल के पेंच में फंस गया निर्माण कार्य, ग्रामीण परेशान

कुलपहाड़। लंबे समय से गड्ढों में तत्त्दील मुढ़ारी रोड़ का निर्माण दो माह पूर्व शुरु हुआ तो लोगों में खस्ताहाल सड़क की दुश्वारियों से निजात पाने की उत्त्मीद दिखने लगी, मगर घटिया निर्माण की शिकायत पर जांच के पेंच में सड़क निर्माण का मामला फंस गया। एक माह से सड़क निर्माण का कार्य बंद होने से बरसात के पहले सड़क निर्माण में संशय दिख रहा है। गड्ढों में तत्त्दील सड़क से यात्रा करना लोगों के लिए मजबूरी बना हुआ है। रेलवे स्टेशन से मुढ़ारी गांव को जानी वाली सड़क वर्षो से गड्ढों में तत्त्दील है लोग लंबे समय से इस सड़क के निर्माण की मांग उठा रहे है। दो माह पूर्व सड़क निर्माण की शुरुआत हुई तो लोगों के चेहरे खुशी से खिल गए मगर लोगों की खुशी ज्यादा दिन न चल सकी। सड़क निर्माण में मानकों को ताक में रखकर काम कराने की नागरिकों की शिकायत पर जांच के लिए सड़क निर्माण का काम बंद हो गया। स्टेशन मार्ग से यात्रा करने वाले रामनरेश, यादवेंद्र, मुन्नाभाई, हरिओम आदि का कहना है कि सड़क निर्माण के बाद अब जांच के पेंच में मामला फंस गया है। बरसात के पहले सड़क निर्माण पूरा होगा इस बात पर संशय दिख रहा है। इस सड़क से हर लोग परेशानियों से जूझकर यात्रा करनी पड़ रही है। मरीज और छात्र भी परेशानियों से जूझ रहे है। अवर अभियंता विनोद कुमार का कहना है कि सड़क की जांच पूरी होने के बाद निर्माण कार्य शुरु कराया जाएगा।

### निधन पर जताया शोक

गुरसरांय। टीचर्स कॉलोनी निवासी डाकखाने में कार्यरत राघवेंद्र तिवारी एवं शिक्षक सुरेन्द्र तिवारी जखौरा वालों के पिताजी पूर्व अध्यापक चंद्रशेखर तिवारी दादा का निधन हो गया है। नगरवासियों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। इसी क्रम में पूर्व प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश मिश्रा की माताजी श्रीमती राज कुंवर मिश्रा के निधन पर शिक्षक नेता आदर्श द्विवेदी, अविनाश गोस्वामी, राजेश त्रिपाठी, आलोक द्विवेदी,साजेन्द्र त्रिपाठी, दीपेन्द्र त्रिपाठी ,कुंज बिहारी अरजरिया आदि ने गहरा शोक जताया।

### 3 पालतू जानवर चोरी, कार्यवाही की मांग

मऊरानीपुर (झांसी)। ग्राम मैलवारा थाना मऊरानीपुर निवासी आशाराम स्व0 पल्टन यादव ने बताया कि 4 मई की रात्रि लगभग 11 बजे जब वह सोने के लिए गया तब उसके जानवर बंधे हुए थे, 5 मई की सुबह 5 बजे देखा कि उसकी 1 भैंस, 1 पडवा, 1 पडिया तीनों नग गायब है, जो अज्ञात चोर चुरा ले गए। कोतवाली में दिये प्रार्थना पत्र में कार्यवाही की मांग की।

### दम्पति की मारपीट, मुकदमा

मऊरानीपुर (झांसी)। ग्राम एवनी थाना टोडीफतेहपुर निवासी रणजीत बाल्मिकी ने बताया कि बाडे में सुअर रखने के लिए सोनू, उमेश उर्फ दाऊ सुण्डा बनाये हुए है, 2 मई की शाम 7 बजे सुअर रखने के लिए मना किया तो इसी बात पर दोनो भाईयो ने लाठी डण्डो से उसे मारा पीटा। पत्नी रिंकी उसे बचाने आयी तो उसे भी मारापीटा गया। टोडीफतेहपुर पुलिस ने यह मामला धारा 323, 504, 506 में दर्ज किया।

### बालू का अवैध कारोबार खूब फल-फूल रहा

मऊरानीपुर (झांसी)। गुरसरांय रोड स्थित ग्राम कोटरा से बालू का कारोबार खूब चल रहा है। यहां पर जगहजगह बालू के ढेर लगे हुए है। जहां से क्षेत्र के ग्रामो में ट्रैत्त्टरो से बालू का परिवहन किया जाता है। इनके पास कोई भी कागज नही होते है। लत्त्बे समय से यहां से बालू कारोबार किया जा रहा है। ट्राला, डत्त्फरो से नहर किनारे बालू डत्त्प कराई जाती है। जिसे ग्रामीणो को बेचा जाता है। बताया गया कि बालू के इस कारोबार में कई लोग संलिप्त है।

### एकादशी मैया का सजा दरबार

मऊरानीपुर (झांसी) । मुहल्ला अल्याई स्थित श्रीमती किरनशरतेन्दु नायक के निवास पर वरूथिनी एकादशी पर श्रीसद्गुरु आश्रम द्वारा भजनकीर्तन हुआ। यहां पर श्रीएकादशी मैय्या का दिव्य, सुंदर, मनमोहक दरबार सजाया गया। भक्तों ने आधी रात तक भगवान के भजनों का आनंद लिया। श्रीमती नीलमअनूप नगरिया ने अपने पूरे परिवार के साथ भगवान की मंगलमय आरती की, प्रसाद वितरण हुआ। सुनीता डेगरे, गुड़िया मोदी, नेहा चऊदा, प्रियंक डेंगरे, हेमंत ददरिया, रश्मि कटारे, स्वेता, सम्राट कठिल, मानसी, बत्त्लू सेठ, बिनीता, पुरूषोंत्तम, रागिनी, दीपू बिलैया, सोनल पहारिया, मनीषा पहारिया, नमन पहारिया, राधा, हरीश बिलैया, मीना सेठ, विनोद सेन, रामगोपाल सेठ, माला, कैलाश वरसैया, प्रीति, श्रवण पहारिया, संगीता, लल्ला पिपरसानिया, रविन्द्र यादव, कैलाश बरसैया, गुड्डन अग्रवाल, पंकज दुबे, राजकुमार साहू, राकेश सोनी, ऋषि सोनी, दीनदयाल कुशवाहा, बंटी पहारिया, सोनू कुशवाहा आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

### मायके जाने की बात कहकर निकली युवती लापता

मऊरानीपुर (झांसी) । ससुराल से मायके जाने की बात कहकर निकली विवाहिता लापता हो गई। जब मायके वालों को खबर हुई तब वह सक्रिय हुए, ससुरालियों पर आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की। ग्राम सरकनपुर थाना खरगापुर जिला टीकमगढ निवासी भवानी बाई पत्नी बारे लाल अहिरवार ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी नातिन मीना के मां बाप बचपन में खत्म हो गए थे।इस पर उसने मीना का पालन पोषण कर सयानी होने उसकी शादी मऊरानीपुर के ग्राम चितावद निवासी के साथ की थी। शादी के बाद से ही उसका अकारण उत्पीड़न होने लगा। इस दौरान पति से तीन बच्चे हुए लेकिन गृहत्त्लेश नही थमा। बताया की गत रोज दोपहर बारह बजे करीब उसके पास फोन आया कि उसे ससुराल भेज दो। बच्चे परेशान हो रहे है। यह सुनकर उसके होश उड़ गए त्त्योंकि वह मायके आई ही नहीं थी। जब उसने ससुराल वालों को बताया कि वह यहां नही आई। तो ससुर ने ज़बाब दिया कि वह 2 मई को मायके जाने की बात कहकर चली गई है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसकी विवाहित नातिन बेहद सीधी है। उसके साथ कोई अनहोनी हुई है। उसने ससुरालियों के खिलाफ कार्यवाही कर पता लगाने की मांग की।

### श्रद्धाजंलि

मऊरानीपुर (झांसी)। नगरपालिका सभागार में श्रीमती शशिआयुष श्रीवास की अध्यक्षता में हुई शोकसभा में पूर्व मुहर्रिर रामकुमार अग्रवाल के निधन पर आकाश आर्य, मनीष खेवरिया, साकेत वाल्मीक, धनीराम श्रीवास, पावस मोदी, राजेश राय, बद्री सेन, वैजनाथ श्रीवास, रविन्द्र यादव, कमलेश विश्वकर्मा, आशीष कौशिक, नन्दकिशोर रावत, सुनील शर्मा, छगनलाल राजपूत, आनन्द विश्नोई, अमित सिंह, विक्की तिवारी, राजेन्द्र तिवारी, सतीश साहू आदि ने श्रद्धाजंलि अर्पित की।

## गर्मी के मौसम में आगजनी की घटनायें बढने पर किया जा रहा जागरुक



महोबा। गर्मी के मौसम में आग की घटनाओं में इजाफा हो रहा है। अग्निशमन विभाग द्वारा आग की घटनाओं पर काबू पाने के लिए मॉक ड्रिल किया गया, जिसमें आग से बचाव का पूर्वात्त्यास किया गया। अग्निशमन टीम द्वारा कोचिंग सेंटर सहित व्यापारिक प्रतिष्ठानों में लोगों को जागरूकता अभियान चलाते हुए आग से बचाव की जानकारी दी गई।

इन दिनों आग की घटनाओं में एकाएक इजाफा हो रहा है। बीती शाम कोतवाली के गांव टीका मऊ में लगी आग की सूचना पर मौके पर पहुंची अग्निशमन टीम द्वारा आग पर काबू पाया गया। वहीं बरीपुरा गांव में भी खेतों में आग लग गई, जिसे समय रहते बुझा दिया गया। अग्निशमन अधिकारी देवेश तिवारी का कहना है कि आग की घटनाओं की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंच आग बुझाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अग्निशमन टीम द्वारा मॉक ड्रिल में आग बुझाने का अत्त्यास किया गया। मुत्त्यालय में कोचिंग सेंटरों सहित अन्य संस्थाओं में कर्मचारियों को आग से बचाव के लिए जागरूक किया गया है। बताया कि सावधानी व सुरक्षा से आग की घटनाओं को कम किया जा सकता है ।लोगों को आग से बचाव के लिए विभागीय सुरक्षा व चेतावनी की पंपलेट वितरण किए गए।

## मावप्रेक्षक ने स्टांग रुम का किया निरीक्षण



महोबा। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त मावप्रेक्षक प्रियंका दास नें राजकीय पॉलिटेत्त्निक कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम का भौतिक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, कैमरों आदि का जायजा लिया तथा सत्त्बंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्ट्रांग रूम में आने जाने वाले रास्तों, पार्किंग व्यवस्था, बैरीकेटिंग, कैमरो की व्यवस्था, बिजली, पानी आदि की जानकारी लेते हुए समय से आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी, पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश, मुत्त्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### मार्ग दुर्घटना में घायल युवक ने तोड़ा दम

राठ। रविवार की रात शादी समारोह में शामिल होने जा रहे बाइक सवार की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई है। युवक की मौत पर स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है। कोतवाली के नौहाई गांव निवासी रामप्रकाश राजपूत ने बताया कि राठ में वह अधिवक्ता है। उनका 45 वर्षीय पुत्र विक्रम सिंह राजपूत रविवार रात अपनी बाइक से शादी समारोह में शामिल होने कस्बे के गुलाब गार्डन जा रहा था। तभी गल्ला मंडी के पास अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया। घायल विक्रम को सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया।? उरई से झांसी मेडिकल कालेज रेफर किया गया?। इलाज के दौरान सोमवार सुबह विक्रम सिंह ने दम तोड़ दिया। मृतक के पिता ने बताया कि उनके पास 40 बीघा जमीन है। चारों पुत्र अपनी अपनी जमीन पर खेतीबाड़ी करते हैं। मृतक अपने पीछे दो पुत्री शैली, रौली और एक पुत्र यश छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी कमलेश, मां रामकुमारी का रो रोकर बुरा हाल है। झांसी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### उत्कृष्ट शिक्षकों व मेधावी छात्र सम्मानित

राठ। क्षेत्र के मवई गांव में कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय रामराजा सेवा समिति द्वारा उत्कृष्ट शिक्षक सत्त्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मुत्त्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री चौधरी धूराम लोधी ने सहायक अध्यापक उजनेह गोहांड रमेश चंद्र, रामजीवन कछ्वां कलां, नीलम टूंका, सर्वेश कस्बा खेड़ा, श्रीराम राजपूत भैसाएं, पीयूष कंधौली सहित परिषदीय विद्यालयों के 20 मेधावी छात्र छात्राओं को लेखक सामग्री व कापियां देकर सत्त्मानित किया। इस मौके पर पूर्व शिक्षक राम सहोदर गुबरेले, शंकर लाल, कुंवर बहादुर, मनोज लाक्षाकार, आशाराम, ज्ञानेंद्र आदि मौजूद रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य रणजीत सिंह ने सभी का आभार जताया।

## लोक सभा चुनाव को लेकर प्रेषक ने ली अधिकारियों की बैठक



महोबा। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा नियुक्त मा0 सामान्य प्रेक्षक प्रियंका दास द्वारा नोडल अधिकारियों/ सहनोडल अधिकारियों व नोडल मजिस्ट्रेट/सेत्त्टर मजिस्ट्रेट तथा ए0आर0ओ0 के साथ कलेत्त्ट्रेट सभागार महोबा में बैठक की गई। बैठक में प्रेक्षक द्वारा लोकसभा 47 हमीरपुरमहोबा के संबंध में आधारभूत जानकारी प्राप्त की गई, तथा मतदान के दृष्टिगत जनपद की तैयारियों को परखा गया। प्रेक्षक प्रियंका दास द्वारा विधानसभा 230 महोबा, विधानसभा 231 चरखारी के मानचित्र की प्रोजेत्त्टर के माध्यम से अवलोकन किया गया तथा जनपद के भौगोलिक मानचित्र की भी जानकारी प्राप्त की गई। प्रेक्षक द्वारा पुलिस के व्यवस्थापन तथा मतदान कार्मिकों एवं जनपद में वाहन की उपलत्त्धता के संबंध में जानकारी ली गई। बैठक के दौरान प्रेक्षक द्वारा मतदान केंद्रों/पोलिंग बूथों तथा जोनल मजिस्ट्रेट/सेत्त्टर मजिस्ट्रेट के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई, तथा आवश्यक दिशा निर्देश भी प्रदान किए गए। प्रेक्षक द्वारा क्रिटिकल बूथों की भी जानकारी प्राप्त की गई, तथा निर्देशित किया गया कि जिन अधिकारियों को जो भी दायित्व सौंपे गए हैं, उनका ईमानदारी के साथ निर्वहन करें। वर्तमान समय में गर्मी का मौसम है अतः प्रत्येक बूथ पर छाया, पीने का पानी, ओ0आर0एस, आशाबहू, डॉत्त्टर की सुविधा रहे, तथा बूथों पर मतदान कार्मिको/मतदाताओं के सुविधाओं के लिए मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु कदम उठाए जाएं और यह भी कहा कि मतदान के पूर्व तथा मतदान के दिन विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए प्रत्येक बूथ पर ए0एम0एफ0 की भी सुविधा प्रत्येक दशा में सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी का दायित्व है कि लोकसभा निर्वाचन को शांतिपूर्ण तरीके से कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। प्रेक्षक महोदया द्वारा बैठक के उपरांत कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। जिसमें प्रेक्षक द्वारा डिस्ट्रित्त्ट कंट्रोल रूम, एम0सी0एम0सी0, सुविधा एप्लीकेशन एवं सी0विजिल एप्लीकेशन के कार्यों का अवलोकन किया तथा समस्त संबंधित को गुणवत्तापरक निस्तारण तथा कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश, पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम सहित अन्य अधिकारीगण उपस्तिथ रहे।

## गांव-गांव जाकर मतदाताओं को वितरित किए जा रहे आमंत्रण पत्र

महोबा। आसन्न लोक सभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए चलाए जा रहे जागरुकता अभियान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी के स्नेहिल आह्वान पत्र को गांवगांव में वितरित कर 20 मई को अधिक से अधिक मतदान किये जाने की अपील की जा रही है।

इन दिनों लोक सभा चुनाव को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रहीं है। 20 मई को पांचवें चरण में जिले में मतदान होना है। लोकतंत्र के इस महापर्व का हिस्सा बनने के लिए मतदाताओं को प्रशासन के द्वारा स्नेहिल आह्वान पत्र भेजा जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी के आह्वन पत्र में 20 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान का हिस्सा बनने की अपील की जा रही है। मतदान केंद की जानकारी सहित अन्य जानकारी वेबसाइट पर की जा सकती है। मतदान के लिए 12 प्रकार के पहचान पत्र में पास बुक, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, पेनकार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, पेंशन दस्तावेज, केंद्र सरकार, राज्य सरकार सहित पत्त्लिक लिमिटेड कंपनियों के कर्मचारियों के फोटो युक्त पहचान पत्र लेकर मतदान केंद्र में पहुंचनें की अपील की जा रही है। पिंक, दिव्यांग और आर्दश बूथ बनाए गए। बूथों में रैंप, छायादान, हेल्पडेस्क , पानी की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाएं पूर्ण कराई गई है। सबसे बड़े लोकतांत्रिक राष्ट्र के नागरिक होने पर गर्व होना चाहिए। राष्ट्र हित में मतदान करने की अपील की जा रही है। कबरई विकास खंड की चिचारा, सुरहा, शाहपहाड़ी सहित अन्य गांवों में मतदाताओं को आमंत्रण पत्र देकर मतदान का हिस्सा बनने की अपील की जा रही है।

### मतदाताओं को पीले चावल वितरित कर दिया आमंत्रण

महोबा। स्वीप अभियान के तहत ग्रामीणों को जागरुक किया जा रहा है। स्वीप आइकॉन एवं राज्य अध्यापक पुरस्कार से सत्त्मानित शिक्षिका स्नेह लता शुत्त्ला के द्वारा सिजहरी के अमरैया में मतदाताओं को जागरुक किया और पीले चावल देकर 20 मई को मतदान करने के लिए आमंत्रित किया। कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी लोग मताधिकार का प्रयोग करें। कहा कि मतदान देश का महापर्व है इसलिए इस महापर्व का हिस्सा सभी लोग बनें। महिलाओं को भी मतदान के दिन मताधिकार का प्रयोग करने के बाद दूसरा कोई काम करें। कहा कि मतदान केंद्रों में मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी इंतजाम किए गए है।

### 2 लाख के लिए बहू का उत्पीडन, कार्यवाही की मांग

मऊरानीपुर (झांसी)। ग्राम लिधौरा थाना टोडीफतेहपुर सर्किल मऊरानीपुर निवासी ज्वाला प्रसाद पुत्र स्व0 लच्छू अहिरवार ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसने अपनी पुत्री की शादी दो बर्ष पूर्व ग्राम नया भानपुरा निवासी के साथ हिंदू रितिरिवाज, तय दानदहेज के साथ आठ लाख रुपए नगद, सामान देकर की थी। शादी के बाद पति, सास, ससुर मायके से दो लाख रुपए और लाने के लिए दबाव बनाने लगे। जब उसने कहा कि शादी कर्ज लेकर की है, अब और रुपए नही ला सकती। तो उसका अमानवीय उत्पीड़न किया गया। इस दौरान एक बच्चा हुआ, लेकिन ससुराल वालों के रवैए में कोई फर्क नहीं आया, उत्पीड़न जारी रहा। एक सप्ताह पूर्व पुत्री ने फोन करके कहा कि उसे ससुराल से ले जाओ नही तो उसकी हत्या होने की आशंका है। इस पर पिता, भाई, परिवार सहित भानपुरा उसे लेने आए। तो उसकी पुत्री को कमरे में कैद कर सभी के साथ गालीगलौच कर मारपीट पर आमादा हो गए, जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। पीड़ित ने मांग की कि उसके साथ पुलिस भेज कर पुत्री को ससुरालियों की कैद से मुक्त कराया जाए। जिससे वह उसे अपने साथ ले जाए। पति, सास, ससुर के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

### दम्पति पर बेटे की मारपीट का आरोप, कार्यवाही की मांग-

मऊरानीपुर (झांसी) । खेत में बकरी चराने के विवाद में दत्त्पत्ति ने महिला, उसके मासूम पुत्र की धुनाई कर दी। ग्राम घाटकोटरा निवासी जमुना पत्नी लल्लू कुशवाहा ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका पति मजदूरी करने गया था। वह अपने खेत में अपनी बकरी चरा रही थी। तभी बगल के खेत वाले दंपत्ति ने अपनी बकरिया घुसा दी। जब उसने विरोध किया तो उसके, बच्चे के साथ गालीगलौच मारपीट करने लगे। इस पर उसने पति को सूचित किया तो दोनों शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़िता ने कार्यवाही की मांग की।

### स्यावरी तालाब को खाली कराया जा रहा जानवरो के पीने के पानी की समस्या बढेगी

मऊरानीपुर (झांसी)। इस समय खेत खाली पडे हुए है। खेतो को पानी की आवश्यकता भी नही है। इसके वावजूद स्यावरी झील को खाली किया जा रहा है। स्यावरी तालाब से निकली नहरो को पिछले पांच दिनो से फुल वेग पर चलाया जा रहा है। ग्रामीणो का कहना है कि इस प्रकार से तालाब पूरी तरह खाली हो जायेगा। जानवरो के पीने के पानी की समस्या खडी हो जायेगी। खेतो को पानी की आवश्यकता न होने के वावजूद नहरो का चलाया जाना सही नही है। आरोप लगाया गया कि उक्त तालाब में मछली पालन किया जाता है। मछली का ठेका समाप्त हो रहा है। जिसके चलते सिंचाई विभाग के अधिकारियो से मिलकर ठेकेदारो द्वारा तालाब को खाली कराया जा रहा है। जिससे मछली का बीज तालाब न रह सके।

## हकीकत- अक्सेव, तिलैरा, चुरारी के विधालय मनमर्जी से चल रहे है



मऊरानीपुर(झांसी) । ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके इसके लिए सरकार तमाम प्रकार के प्रयास कर रही है। लेकिन इसके बाद भी ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे सरकारी विद्यालय में न पढकर प्राइवेट विद्यालय में पढ़ने के लिए जा रहे हैं। इसकी हकीकत जानने के लिए आज टीम 8¬10 बजे उच्च प्राथमिक विद्यालय बत्त्हौरी पहुंची। वहां पर विद्यालय की स्थिति देखी तो पता चला की प्रधानाचार्य, एक अनुदेशक, दो सहायक अध्यापक पदस्थ है। उस समय विद्यालय में अनुचर के अलावा कोई भी शिक्षक उपस्थित नहीं था, न ही कोई बच्चा विद्यालय आया था। सरकारी विद्यालयों में सरकार शिक्षकों को पर्याप्त मान्यदेय दे रही है। लेकिन उसके बाद भी विद्यालय निर्धारित समय से एक से डेढ़ घंटे की देरी से खुलते हैं। बच्चों को सही तरीके से पढ़ाया नहीं जा रहा है। जबकि प्राइवेट विद्यालयों में शिक्षक निर्धारित समय से 5 मिनट पहले पहुंच जाते हैं। उन्हें मानदेय भी काम दिया जाता है। इसके बाद भी वह मेहनत, लगन से बच्चों को पढ़ाते हैं। जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे प्राइवेट विद्यालयों में पढने के लिये जा रहे है।

स्कूलों में मध्यान भोजन की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। शासन विद्यालय स्तर पर छात्रछात्राओं की निरंतर विकास के लिए बहुआयामी शिक्षा व्यवस्था को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। तो वहीं पूर्व माध्यमिक विद्यालय अत्त्सेव पहुंचे। वहां पर मध्यान भोजन चल रहा था। मध्यान भोजन के बाद बच्चों से उनके झूठे बर्तन धुलवाए जा रहे थे। ग्राउंड में ही नल के पास एक टप में पानी भरकर रख दिया गया था। वहीं पर बच्चों से अपने झूठे बर्तन धुलवाए जा रहे थे। जबकि बच्चों के झूठे बर्तन धोने के लिए रसोईया लगाई गई है।

उच्च प्राथमिक विद्यालय तिलैरा में 10.23 बजे एक शिक्षिका उपस्थित थी। यहां पर छात्राकन 78 है। लेकिन विद्यालय में लगभग 10 छात्रछात्राएं ही उपस्थित थे। अन्य अनुपस्थित शिक्षकों के बारे में जानकारी ली तो बताया गया कि प्रधान अध्यापक काउंटर साइन के लिए झांसी गए हैं। सहायक अध्यापक विद्यालय आए थे साइन कर तुरंत चले गए थे। बता रहे थे कि उन्हें बीआरसी जाना है। जब बीआरसी में अधिकारियों से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि उनके यहां पर तिलैरा से कोई भी शिक्षक नहीं आया है।

खंड शिक्षा अधिकारी प्रसून जैन ने बताया कि जिन विद्यालयों में शिक्षक समय पर नहीं पहुंचे, अनुपस्थित रहे, बच्चों की संत्त्या कम पाई गई, समय से पहले बच्चों की छुट्टी कर दी गई। इन सभी को नोटिस जारी कर कार्यवाही की जाएगी।

उच्च प्राथमिक विद्यालय चुरारी में 11.36 बजे पर बच्चों की छुट्टी कर दी गई। यहां पर प्रधान अध्यापक मौजूद थे। सहायक अध्यापक विद्यालय नहीं आए थे। विद्यालय के प्रधान अध्यापक को यह तक पता नहीं की आज कौन सी तारीख व कौन सा दिन है। सूचना पट पर 4 मई दिन शनिवार के स्थान पर 3 मई दिन गुरुवार लिखा हुआ है। जबकि 3 मई को शुक्रवार था। आखिर जब प्रधानाध्यापक को यह सब पता नहीं तो वह बच्चों को त्त्या पढ़ाएंगे।

### शादी समारोह में खाना खाने पर 15 बाराती डायरिया के शिकार

राठ। रविवार की देर रात शादी समारोह में खाना खाते समय 15 बाराती डायरिया कि शिकार हो गए। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार किया गया। कोतवाली के नौहाई की निधि की रविवार की रात शादी थी। जरिया थाने के बरगवां निवासी जयकिशोर की बारात कस्बे के गुलाब गार्डन में आईं थीं। रात की देर बारातियों ने खाना खाया। थोड़ी देर बाद बरगवां निवासी 60 वर्षीय रज्जू महाराज, 45 वर्षीय राजेश, 30 वर्षीय सुनील, 17 वर्षीय श्याम, 18 वर्षीय दीपेंद्र, 70 वर्षीय स्वामी प्रसाद, 18 वर्षीय प्रिंस, 23 वर्षीय निखिल, 20 चिंटू, 18 वर्षीय अचल, महोबा निवासी भूपेंद्र, नौहाई निवासी हरिश्चंद्र, 50 वर्षीय मनोज, जराखर निवासी हिमाचल, 22 वर्षीय संगीता, कुत्त्हारिया निवासी 28 वर्षीय दर्शन सिंह की अचानक हालत बिगड़ गई और उल्टी दस्त होने लगे। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। डॉ अखिलेश सिंह ने बताया कि गर्मी अधिक पड़ने पर खाना नुकसान कर गया है। इलाज कर दिया गया है। सभी की हालत में सुधार है।

### अतरैया चोरी कांड की जांच सीओ सदर को

सुमेरपुर। गत माह की 1314 अप्रैल की रात क्षेत्र के ग्राम अतरैया में पीडत्त्ल्यूडी एवं मनरेगा योजना के जेई के पैतृक आवास में हुई लाखों रुपए की चोरी में चोरों के द्वारा गांव के एक व्यक्ति पर चोरी की घटना कबूल करने का दबाव बनाने के प्रकरण की जांच पुलिस अधीक्षक ने सीओ सदर को सौंपी है।

गत माह 1314 अप्रैल की रात पीडत्त्ल्यूडी के अवर अभियंता पुष्पेंद्र कुमार के अतरैया स्थित आवास से अज्ञात चोरों ने नवविवाहित बहन एवं मां के करीब 20 लाख के जेवरात चोरी कर लिए थे। गत 30 अप्रैल को जेवरात का एक डित्त्बा कल्लू पुत्र मुरलिया के घर पर फेंका गया था। यह मकान दस्सी के मकान के बगल में है। पुलिस ने सूचना पर बिंदा पुत्र दस्सी तथा दस्सी पुत्र भूरियां के साथ गांव निवासी छोटे पुत्र सिद्धा को हिरासत में लेकर पूंछतांछ की थी और शाम को सभी को रिहा भी कर दिया था। छोटे का आरोप है कि गांव पहुंचने पर दस्सी एवं बिंदा उसे गांव निवासी मुन्नी के घर ले गए और गला दबाकर जमकर मारपीट करते हुए चोरी का जुर्म अपने सिर पर लेने का दबाव बनाया। सोमवार को छोटे ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपकर दावा किया है कि चोरी की घटना में बिंदा और दस्सी शामिल हैं। थाना पुलिस इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है।

# करोड़ों महिलाएं और युवा लखपति बनेगें, किसानों को एमएसपी मिलेगी : पूर्व राज्यसभा सांसद डा. चन्द्रपाल



**झांसी( विश्व परिवार )** । इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य आज सम्पादक दैनिक विश्व परिवार प्रवीण कुमार जैन की अन्तेयष्टि में शामिल हुए और उनके परिवार का दुख बाँटा। पूर्व सांसद डा. चन्द्रपाल सिंह यादव द्वारा गठबंधन के चुनाव कार्यालय बबीना और बरूआसागर का उद्घाटन फीता काट कर किया गया। भारी जनसमूह के साथ बबीना तथा बरूआसागर क्षेत्र में जनसम्पर्क किया गया और गठबंधन के प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य को भारी बहुमत से विजय बनाने के लिये वोट मांगे गये।

अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। एक तरफ बीजेपी और आरएसएस जो लोकतंत्र और संविधान को नष्ट करने की कोशिश कर रही है और एक तरफ इण्डिया गठबंधन लोकतंत्र और संविधान को बचाने का प्रयास कर रही है। कन्याकुमारी से कश्मीर तक चार हजार किलोमीटर और मणिपुर से महाराष्ट्र तक पैदल चल कर राहुल गॉधी ने जनता से बातचीत और जन-जन की आवाज को सुन कर यह घोषणा पत्र बनाया है, जिसमें पांच गारण्टी दी गयी है, जिसमें करोड़ों महिलायें और युवा लखपति बनेंगे और किसानों को एमएसपी दी जायेगी। मज़दूरों का कम से कम चार सौ रूपया मज़दूरी मिलेगी। झांसी ललितपुर लोक सभा के लिए सरल, सुलभ, ईमानदार, बेदाग, हरदिल अजीज प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य आपके सामने है। इन्हें आप अपना अमूल्य वोट देकर एक सुदृढ़ राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी निभाईये।

जनसम्पर्क के दौरान बबीना में पूर्व जिला अध्यक्ष बलवान सिंह यादव, जिला अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह, अरविन्द यादव खिलार, रॉकी महाराज, तोरण यादव, हरदयाल फौजी, रामसेवक रजक, स्वामी शरण यादव, सपा के नगर अध्यक्ष शैलेन्द्र, वरिष्ठ कांग्रेसी रविन्द्र जैन रब्बू व नगर अध्यक्ष प्रकाश चंद जैन, राजेश जैन, रानू नरेश, मुकेश बरोलिया, राकेश यादव, आमोद जैन, सुनील यादव, दिलीप यादव, ओमप्रकाश राय, दर जैन, निर्मल जैन, रूपम जैन, नयन जैन, प्रमोद जैन, गौरव पाठक, और बरूआसागर में पूर्व जिलापंचायत सदस्य कल्याण सिंह यादव, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाहा, शिव सेना के मनोज शर्मा, जनअधिकार पार्टी के ज़ाहिद अली, आप के अशोक कुशवाहा, पूर्व ब्लाक प्रमुख कैलाश नारायण पचौरिया, डा0 अशोक यादव, डा0 महादेव बाजपेयी, इलू कुशवाहा, संजय, जय प्रकाश बिरथरे, मुकेश अग्रवाल, प्रमोद, मनोज माते, आनंद बिरथरे, भोले चौबे, प्रमोद राय, सुरेश रजक, आलोक सोनी, संजीव चौबे, दौलत यादव, नितिन यादव, लक्ष्मी झा, चन्द्रशेखर सोनी, बालकिशन काटजू, राधारमण नौगरईया, बण्टी यादव, रूबी टेलर, डा0 सुनील तिवारी, जगमोहन मिश्रा, राशि साहू, सुजान सिंह बुन्देला, शाहरूख खान उपस्थित रहे और जनता से गठबंधन के प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य को भारी मतों से विजयी बनाने की पुरज़ोर अपील की।

## चुनाव के दौरान तीन बार होगा प्रत्याशियों का लेखा मिलान

**झांसी।** जिलाधिकारी/ रिटर्निंग आफिसर झांसी द्वारा अवगत कराया गया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशो के क्रम में प्रत्याशियों के लेखा मिलान निर्वाचन अवधि में तीन बार किया जाना है। व्यय प्रेक्षक के साथ परामर्श के उपरांत प्रत्याशियों के लेखा मिलान किये जाने हेतु प्रथम-दिनांक 09/05/2024 प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक, द्वितीय-13/05/2024 प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक व तृतीय-18/05/2024 को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक स्थान कलेक्ट्रेट कम्पाउण्ड झांसी में निर्धारित किया गया है।

## हम पूरे संसदीय क्षेत्र को विकसित करने के लिए संकल्पित : अनुराग शर्मा

**झांसी( विश्व परिवार )** । भारतीय जनता पार्टी अपने 4 जून को 400 पार के संकल्प को पूरा करने के लिए अथक मेहनत और जनसंपर्क कर रही है और इसी संकल्प को झाँसी लोकसभा में साकार करने के लिए झांसी ललितपुर के वर्तमान सांसद और भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी अनुराग शर्मा जोरदार तरीके से गाँव गाँव जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं।

इसी संदर्भ में झांसी ललितपुर के सांसद और वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी अनुराग शर्मा ने भी मऊरानीपुर विधानसभा के ग्राम बंगरा , पलरा , पचवारा , सिजारा ,उल्दन , पठाकरका ,मगरवारा में जाकर ग्राम वासियों से जनसंवाद किया और मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। साथ ही सांसद शर्मा की धर्मपत्नी पूनम शर्मा ने झांसी महानगर के नगरा एवं गोदू कंपाउंड में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया तथा आगामी 20 मई को अनुराग शर्मा को अपना अनमोल मत देकर मोदी सरकार बनाने की अपील की। इस दौरान पूनम शर्मा बोली कि आपके एक वोट की ताकत से आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। झांसी ललितपुर विकसित होने जा रहा है। साथ ही मोदी सरकार सबके साथ, सबके विश्वास और सबके प्रयास से हर क्षेत्र में सबका विकास कर रही है। अब मोदी जी, भारत के लिए आने वाले 5 साल ही नहीं, 25 साल का रास्ता बना रहे हैं।



इस दौरान आम जनमानस से आत्मीय संवाद करते हुए प्रत्याशी अनुराग शर्मा ने कहा कि बीड़ा एवं केन बेतवा परियोजना संसदीय क्षेत्र के चतुर्मुखी विकास की दस्तक दे रही हैं। इसी कारण युवा, किसान व्यापारी, मजदूर ,एवं सभी वर्गों में आर्थिक और सामाजिक स्तर में उछाल आने वाला है। झांसी ललितपुर क्षेत्र को बेरोजगारी ,भुखमरी ,पलायन के कलंक से मुक्ति दिलाना योगी जी और मोदी जी की छत्रछाया में आपका प्रतिनिधि होने के नाते मेरा संकल्प है। सभी विधायक गणों के सहयोग से क्षेत्र में लाखों करोड़ों की परियोजनाएं आ रही हैं। बीड़ा एवं केन बेतवा परियोजना इसके जीते जागते प्रमाण है। बीड़ा परियोजना में किसानों को चार गुना मुआवजा मिल रहा है, तो अन्य किसानों व क्षेत्र वासियों की जमीन की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया है। यहां अब नोएडा की तर्ज पर औद्योगिक शहर विकसित होने जा रहा है। निश्चित है बीड़ा झांसी के विभिन्न वर्गों में नई क्रांति लायेगा। साथ ही वह बोले कि मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का अर्थ है देश को नक्सलवाद और आतंकवाद से मुक्ति दिलाना,देश के गरीबों के कल्याण की चिंता करना,देश को विकसित बनाना,जनजातियों के सम्मान की चिंता करना और हमारे उत्तर प्रदेश को पहले नंबर का राज्य बनाना,साथ ही झाँसी ललितपुर में विकास गति और तेज करना है। बस इसके लिए आपका अनमोल मत भाजपा सरकार के लिए महत्वपूर्ण है।

विधायक रश्मि आर्य ने कहा कि ये चुनाव मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का चुनाव है। हम मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। जिला पंचायत सदस्य ने कहा पिछली सरकारों में जमीन पर कब्जा करने वाले ,लूट खसोट करने वाले आज कांग्रेस के हाथ के साथ हाथ बांधकर घूम रहे हैं, इनको हमारी सरकार में लस्त - पस्त कर दिया है। अब यह इंडिया गठबंधन के सहारे फिर से ऑक्सीजन पानी की कोशिश कर रहे हैं। इनको थोड़ी भी सांस मिली तो हम सब की मेहनत पर पानी फिर जाएगा।

इस दौरान विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन, जिला महामंत्री अरुण सिंह, ब्लॉक प्रमुख भारती आर्य, ,डॉ अनिल राज, जिला पंचायत सदस्य गोलू महाते, मंडल अध्यक्ष सुधीर कुमार जैन, राजाराम कुशवाहा, हरिओम नायक, महेंद्र चौरसिया ,अरुण चौधरी ,मंजूर अहमद ,हिमांशु राय ,नरेंद्र वेद, तुलाराम अहिरवार ,प्रदीप कुशवाहा ,अक्षय कुमार ,कुंज बिहारी ,सोहन घोष ,रंजीत ओसवाल ,शंभू दयाल कुशवाहा, गोमती देवी ,राजेंद्र भोजवाल ,राहुल आर्य, मनोज कुमार ओझा धर्मेश सोनी ,जितेंद्र घोष, वैभव सिंह घोष ,परमलाल कुशवाहा, लखनलाल कुशवाहा ,कालका प्रसाद कुशवाहा, विजय कुशवाहा ,मुकेश कुशवाहा ,बृजेश कुशवाहा ,पप्पू कुशवाहा ,सियाराम कुशवाहा, धर्मदास कुशवाहा चंद्रभान कुशवाहा ,मोहन निषाद, मोहन कुशवाहा ,सोनू शर्मा, गोलू तिवारी, पंकज रैकवार, कौशल किशोर, भूपेंद्र झा, आदि उपस्थित रहे।

वहीं जनसंपर्क के क्रम में प्रत्याशी अनुराग शर्मा की बेटी वेदिका शर्मा एवं तारिणी शर्मा ने टाटा एवं टोयोटा वर्कशॉप में कार्यरत कर्मचारियों के बीच जनसंपर्क कियाकिया तथा विकसित संसदीय क्षेत्र के संकल्प को साकार करने के लिए आगामी 20 मई को पुनः कमल के सामने वाला बटन दबाने की अपील की। इस दौरान उनके साथ जिला महिला मोर्चा की कोषाध्यक्ष अंजली शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष धीरज मिश्रा ,अंकित साहू, पवन राजा, चेतन ओझा ,प्रदीप झा प्रदीप फौजी आदि उपस्थित रहे।

## चुनाव के दौरान कोई भी अधिकारी/ कर्मचारी निर्वाचन ड्यूटी के दौरान मुख्यालय नहीं छोड़ेगा : जिला निर्वाचन अधिकारी

- पूर्वानुमति लिए बगैर बैठक में अनुपस्थित होने पर होगी कार्यवाही
- निर्वाचन संबंधित बैठक की सूचना पर नोडल अधिकारी स्वंय ससमय समस्त तैयारियों के साथ प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें

**झांसी( विश्व परिवार )** । जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी श्री अविनाश कुमार ने निर्देश दिए कि उनकी अध्यक्षता में आयोजित होने वाली निर्वाचन संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण बैठकों में कतिपय विभागीय अधिकारी बगैर किसी कारण के अथवा पूर्वानुमति प्राप्त किये बगैर अनुपस्थित होते हैं या स्वयं के स्थान पर किसी अन्य को बैठक में प्रतिभाग करने हेतु भेजते हैं, जिसके कारण लोकसभा सामान्य निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण एवं गम्भीर विषयों पर चर्चा नहीं हो पाती है और बैठक की महत्ता भी नहीं रह जाती है। यह स्थिति नितांत असंतोषजनक



है तथा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्यहित में कतई उचित और स्वीकार योग्य नहीं हैं। उपरोक्त के दृष्टिगत लोकसभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण सुचिता और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु समस्त नोडल अधिकारी/सहायक नोडल अधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को इस आशय के कड़े निर्देश दिये जाते हैं कि आगामी तिथियों में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जो भी निर्वाचन संबंधित बैठक आयोजित की जायें। ऐसी बैठकों की सूचना समस्त संबंधित अधिकारियों को लिखित प्रेषित की जाये और इस बात की पुष्टि अवश्य कर ली जाये कि बैठक की सूचना समस्त संबंधित को प्राप्त हो गई है। साथ ही बैठक से पूर्व बैठक के पावर प्वाइंट संबंधित अधिकारियों को अवश्य प्रेषित किए जायें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इसके अतिरिक्त संबंधित विभाग / अधिकारी की यह जिम्मेदारी होगी कि वह बैठक आयोजन से पूर्व बैठक में प्रतिभाग करने वाले अधिकारियों / प्रतिभागियों को टेलीफोनिक वार्ता करते हुए उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करायेंगे और बैठक प्रारम्भ होने से पूर्व बैठक में अनुपस्थित रहने वाले विभाग / अधिकारियों की सूची तैयार कर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करते हुए यथानिर्दिष्ट कार्यवाही सुनिश्चित करायेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अविनाश कुमार ने कहा कि उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये और निर्देशों के अनुपालन में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा कोताही परिलक्षित होने पर संबंधित के विरूद्ध तत्समय यथावश्यक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी, जिसके लिए संबंधित अधिकारी स्वयं उत्तरदायी होगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 की कार्यवाही प्रचलित है अतः निर्वाचन ड्यूटी के दौरान यदि क्रास चेकिंग में यह जानकारी प्राप्त होती है कि संबंधित अधिकारी मौके पर अनुपस्थित है तो कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## 3 लाख लोगों को करायी गयी पेयजल आपूर्ति

**झांसी( विश्व परिवार )** । पाइपलाईन के माध्यम से नगर निगम झाँसी क्षेत्र में कुल लगभग 70 एमएलडी जल प्राप्त करते हुये उन्हें 58 वार्डों में आपूर्ति करते हुये लगभग 3 लाख लोगों को पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की गयी तथा 45 नलकूपों के माध्यम से 13 वार्डों में 02 एमएलडी पेयजल आपूर्ति करते हुये 15000 लोगों को पेयजल उपलब्ध कराया गया। साथ ही जिन क्षेत्रों में पेयजल पाइप लाइन नहीं है अथवा पानी पाइप लाइन के माध्यम से नहीं पहुँच पा रहा है वहाँ पर 60 पेयजल टैंकरों के माध्यम से 26 वार्डों में 2.6 एमएलडी पानी पहुँचाने का कार्य किया गया। आज वार्डों में 72 खराब हैण्डपम्प सुधारे गये। सुधार कार्य के दौरान 08 हैण्डपम्प ऐसे पाये गये जिनमें पेयजल स्तर नीचे चले जाने के कारण पानी नहीं आ रहा है। इन स्थलों पर टैंकरों के



माध्यम से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। वतर्मान में 2802 हैण्डपम्प क्रियाशील है।

अपर नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया है कि इलाहाबाद बैंक चौराहे पर जल निगम के द्वारा नयी पाइप लाइन डाले जाने के कारण पुरानी पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण पिछले 03 दिनों से सुधार कार्य चल रहा था जो आज पूर्ण हो गया। इस दौरान सिविल लाइन क्षेत्र में टैंकरों के माध्यम से पेयजल टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की गयी। जनसामान्य के लिये पेयजल की समस्या के निराकरण हेतु 24×7 कन्ट्रोल रूम जिसका नम्बर 8189074647 संचालित है। साथ ही नगर निगम झाँसी से सम्बन्धित पेयजल अथवा अन्य किसी भी समस्या के निस्तारण हेतु झाँसी स्मार्ट सिटी के टोल फ्री नम्बर 0510-3500700 पर भी 24×7 सम्पर्क किया जा सकता है।

## कृषि विश्वविद्यालय में वनाधिकारियों को डाटा विश्लेषण, जीपीएस प्रणाली का वनसंपदा में उपयोग विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**झांसी( विश्व परिवार )** । रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी के उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय के सभागार में उत्तर प्रदेश वन विभाग के वनाधिकारियों को डाटा विश्लेषण विषय, जीपीएस प्रणाली पर चार दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसका शुभारंभ आज अतिथियों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ एके सिंह ने जीपीएस क्षेत्र में आधुनिक, डाटा प्रसंस्करण,रिमोट सेंसिंग, सैटेलाइट की नवीन तकनीक की उपयोगिता वन संपदा एवं प्रबंधन में आवश्यक है। इसके महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि वर्तमान में जलवायु परिवर्तन के समय में न केवल



जंगल की निगरानी बल्कि जंगल के बाहर के पेड़ों की निगरानी भी की जा सकती है। इस चार दिवसीय प्रशिक्षण में वनाधिकारियों को वन की सीमा बंदी तथा विभिन्न अन्य पेड़ों की पहचान के साथ-साथअन्य लाभ मिलेंगे। विशिष्ट अतिथि वन संरक्षक झांसी महावीर कौजालगी आईएफएस ने इस प्रशिक्षण के प्रति हर्ष जताते हुए कहा कि वनाधिकारियों को प्रशिक्षण के माध्यम से जंगलों में मैपिंग एवं निगरानी हेतु कौशल विकास में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में अन्य वन कर्मियों को भी ऐसे प्रशिक्षण दिए जाएंगे। अधिष्ठाता उद्यानिकी एवं वानिकी डॉ मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि यह प्रशिक्षण आज 6 मई 2024 से प्रारंभ होकर 9 मई 2024 तक चलेगा। इस प्रशिक्षण में फॉरेस्ट ऑफीसर, डिप्टी रेंजर मुख्यतः से भाग ले रहे हैं। विवि में रिमोट सेंसिंग आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशाला है। इसमें प्रशिक्षार्थियों को आधुनिक एवं व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कराया जायेगा। स्वागत संबोधन कार्यकारी अधिष्ठाता मात्स्यिकी डॉ एमजे डोबरियाल ने किया। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी झांसी जयंत शिंदे, बांदा, ललितपुर, हमीरपुर के प्रभागीय वनाधिकारी, वन क्षेत्राधिकारी सहित वन विभाग के अन्य अधिकारी तथा विश्वविद्यालय के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। संचालन डॉ गरिमा गुप्ता ने एवं आभार डॉ पंकज लवानिया ने आभार व्यक्त किया।

## छात्र-छात्राओं को दी गयी स्टार्ट अप के बारे में विस्तार से जानकारी

**झांसी( विश्व परिवार )** । आज बुन्देलखण्ड विश्व विद्यालय एवं इनक्यूबेशन सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में स्टार्टअप के बारे में छात्र छात्राओं को विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम का विषय मिथ्स एंड फैक्ट्स अबाउट स्टार्ट अप्स रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बुन्देलखण्ड विश्व विद्यालय के कार्यवाहक कुलपति प्रो एस पी सिंह जी ने कहा एक स्टार्टअप प्रोग्राम आपको अन्य उद्यमियों के समुदाय तक पहुँचने में भी मदद कर सकता है। यह समुदाय आपके व्यवसाय पर फीडबैक प्राप्त करने और नेटवर्किंग के मामले में बेहद मददगार हो सकता है। इसके अतिरिक्त, यह समुदाय आपको अन्य उद्यमियों से मिलने का अवसर भी प्रदान कर सकता है जो आपके समान ही हैं।

स्टार्टअप प्रोग्राम के समन्वयक एवं स्टार्टअप एक्सपर्ट श्री नृपेंद्र भट ने छात्रों को स्टार्टअप प्रोग्राम के बारे में विस्तार से बताया । उन्होंने कहा स्टार्टअप इंडिया उत्तर प्रदेश सरकार की एक प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य प्रदेश में स्टार्टअप्स और नये विचारों के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है जिससे देश का आर्थिक विकास हो एवं बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उत्पन्न हों।



उन्होंने बताया कि सरकार प्रदेश में 70 से अधिक कार्यक्रम चला रही है। जिससे युवाओं को स्व रोजगार के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने विश्व विद्यालय के 32 छात्रों को इनोवेशन एंबेसडर बनाया।जो अन्य छात्रों एवं युवाओं को स्टार्टअप के बारे में सुझाव व सलाह देने का कार्य करेंगे।

कार्यक्रम में विश्व विद्यालय के निदेशक,अधिष्ठाता छात्र कल्याण, आई क्यू ए सी निदेशक, प्रो सुनील कुमार काबिया ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में आत्मनिर्भरता की क्रांति का बिगुल बज चुका है। प्रत्येक युवा इस क्रांति का सेना नायक है। आने वाले समय में भारत विश्व को नेतृत्व देने वाला है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे केवल मूकदर्शक होकर इस क्रांति को देखें ना, बल्कि इसमें भागीदारी करके अपना सक्रिय योगदान दें। कार्यक्रम का संचालन करते हुए उप निदेशक डॉ अनुपम व्यास ने कहा स्टार्टअप प्रोग्राम का सबसे महत्वपूर्ण लाभ यह है कि यह आपके व्यवसाय को जमीन पर उतारने में मदद कर सकता है। एक स्टार्टअप प्रोग्राम आपको वह धनराशि प्रदान कर सकता है जिसकी आपको अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने और चलाने के लिए आवश्यकता होती है। इसके अतिरिक्त, एक स्टार्टअप प्रोग्राम आपको अन्य उद्यमियों और निवेशकों के नेटवर्क तक पहुंच भी प्रदान कर सकता है जो आपके व्यवसाय को आगे बढ़ाने और चलाने में मदद कर सकते हैं।

इस अवसर पर डॉ अतुल खरे श्री अनिल बोहारे,श्री हेमंत चंद्रा, शशांक, चंद्रभान प्रजापति, हितिका यादव एवं अन्य छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## क्रशर पर गये डम्पर में अचानक लगी आग, मची भगदड



**झांसी( विश्व परिवार )** । क्रेशर पर गए एक डम्पर में अचानक आग लग गई। यह देख वहां भगदड़ मच गई। आनन-फानन में आग को बुझाने का प्रयास करते हुए इसकी सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची और आग को बुझाया।

घटना जनपद झांसी के गुरसरांय थाना क्षेत्र की है, जहां डम्पर क्रमांक यूपी 93 सीटी 2673 बोल्डर लेने क्रेशर पर गया हुआ था। तभी अचानक वहां उक्त डम्पर में अचानक आग लग गई। डम्पर में आग लगी देख वहां भगदड़ मच गई। आनन-फानन में आग को बुझाने का प्रयास करते हुए फायर बिग्रेड को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने किसी प्रकार आग को बुझाया। डम्पर में आग लगने का कारण शॉट सर्किट बताया जा रहा है।